an>

Title: Regarding setting up of an Agro Processing Cluster in Arwal District of Bihar

श्री चन्देश्वर प्रसाद (जहानाबाद): मेरे संसदीय क्षेत्र जहानाबाद अंतर्गत बिहार राज्य के अरवल जिले में प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के तहत कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर स्थापित करने की काफी जरूरत है । अरवल जिले की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से कृषि आधारित है और इस क्षेत्र में किसी भी उद्योग की उपस्थिति नहीं है । धान, गेहूं और मक्का यहां की प्रमुख फसलें हैं । हालांकि जिले का अधिकांश क्षेत्र अच्छी तरह से सिंचित है, लेकिन कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर की कमी के कारण किसानों को उचित लाभ नहीं मिल रहा है । किंजर, करपी, अरवल, कुर्था, कलेर एवं सूर्यपुर वंशी और उसके मेहनती किसानों के उत्पाद को बेहतर भंडारण, मार्केटिंग एवं बिक्री को आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए अवसंरचना निर्माण के लिये कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर की स्थापना नितांत आवश्यक है । इसमें केंद्र सरकार की पहल और योजना के लिए आवश्यक राशि का अति शीघ्र प्रबंध होना चाहिए । इस काम को करने में आ रही बाधा को दूर करते हुए हर हाल में क्लस्टर स्थापित होने चाहिए ।

मेरा माननीय केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री जी से आग्रह है कि जल्द से जल्द अरवल जिले में कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर स्थापित करवाने की व्यवस्था करें ।